भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2340
बुधवार, 21 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

भूकंप प्रवण क्षेत्र

†2340. **श्री एस. ज्ञानतिरावियम:**

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के तटीय क्षेत्र भूकंप प्रवण क्षेत्र हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पिछले रिकार्ड इस तथ्य की पुष्टि करते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इसके लिए किसी तटीय स्थल पर अनुसंधान केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी, हां। भारत के तटीय क्षेत्रों में अलग-अलग डिग्रीतीव्रता के भूकंप आने की संभावना है। भारत के तटीय क्षेत्र भी सुनामी के प्रभावों के प्रति भी संवेदनशील हैं जिसके भूकंप के दो संभावित स्रोतों, अंडमान-निकोबार-सुमात्रा आर्क क्षेत्र और उत्तर अरब सागर क्षेत्र में मकरान तट से बड़े पैमाने पर समुद्र के नीचे भूकंपों से उत्पन्न होने की संभावना है।

(ख) भूकंपों के पिछले रिकॉर्ड और बहुत सी एजेंसियों के विभिन्न अन्य वैज्ञानिक इनपुटों के आधार पर, भारतीय मानक ब्यूरो [आईएस-1893 (भाग-1): 2002] ने देश को अपेक्षित भूकंपीय तीव्रता की अलग-अलग डिग्री के अनुसार चार भूकंपीय भागोंक्षेत्र-II, -III, -IV और -Vमें बांटा है।इनमें से क्षेत्रV सबसे अधिक भूकंप प्रवण क्षेत्र हैजबकि क्षेत्रII सबसे कम भूकंप प्रवण क्षेत्रहै। इस भूकंपीय क्षेत्र वर्गीकरण के अनुसार, भिन्न-भिन्न भूकंपीय क्षेत्रों में आने वाले विभिन्न तटीय क्षेत्र का विवरण नीचे दिया गया हैं:-

तटीय क्षेत्र	**भूकंपीय क्षेत्र**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के संपूर्ण तटीय क्षेत्र	V
गुजरात के तटीय क्षेत्र	V, IV & III
दमन और दीव के संपूर्ण तटीय क्षेत्र	III
महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्र	IV & III
गोवा, कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप के संपूर्ण तटीय क्षेत्र	III

तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र	III & II
पांडिचेरीके संपूर्ण तटीय क्षेत्र	II
आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र	III & II
ओडिशा के तटीय क्षेत्र	III & II
पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र	IV & III

(ग)और (घ) 26 दिसंबर, 2004 के महान सुमात्रा भूकंप के परिणामस्वरूप, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने सुनामी आपदाओं से संबंधित सभी मुद्दों से निपटने के लिएभारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (इंकॉइस), हैदराबाद मेंहिन्द महासागर क्षेत्र में सुनामियों के लिए अत्याधुनिक पूर्व चेतावनी प्रणाली पहले से हीस्थापित कर दी थी। साथ ही, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र को देश में और उसके आसपास आने वाले भूकंपों की निगरानी करने का अधिदेशप्राप्त है। इस प्रयोजनार्थ, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्रदेश भर में फैली 152 वेधशालाओं से युक्त एक राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क का रखरखाव करता है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्रद्वारा दर्ज किए गए भूकंपों की जानकारी संबंधित केंद्रीय और राज्य आपदा प्राधिकरणों को न्यूनतम संभव समय में प्रसारित की जाती है ताकि इनकी वेबसाइट और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पर्याप्त शमन उपाय शुरू किए जा सकें। भूकंप की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्रकी वेबसाइट (seismo.gov.in) पर भी उपलब्ध है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालयभविष्य में बेहतर तैयारी और योजना उपायों के लिए भूकंप और सुनामी उत्पन्न होने से संबंधित प्रक्रियाओं की बेहतर समझके लिए देश में विभिन्न अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से कई अनुसंधान एवं विकास से संबंधित परियोजनाओं में सहायता कर रहा है।

*****